मान कवि कृत

अनूप प्रकास

सम्पादक

राजमल बोरा

संजय बुक सेन्टर, गोलघर, वाराणसी

मान कवि कृत

अनूप प्रकास

बुन्देलखण्ड के अठारहवीं शती के उत्तरार्द्ध
के ऐतिहासिक अभियानो का दस्तावेज

सम्पादक .

राजमल बोरा

अनुक्रम

महाराजकुमार डॉ० रघुबीरसिंह

तथा

डॉ० भालचन्द्रराव तेलंग

की पावन स्मृति में

यह सम्पादन

(१)

पद्माकर कवि के वंशज डॉ० भालचन्द्रराव तेलग (१६०८ ई० से १६८४ ई०) औरंगाबाद मे रहते थे। १६४६ ई० मे वे औरगाबाद आए और तब से अन्त तक वे औरंगाबाद में रहे। मृत्यु से कुछ दिन पूर्व वे यहाँ से चले गये। उनकी मृत्यु १ मार्च १६८४, गुरुवार को शाम मे ७ बजे हुई। पद्माकर कवि के वंश में पॉचवी पीढी मे उनका जन्म हुआ।

(२)

'अनूप प्रकास'--की मूल पाण्डुलिपि मुझे डॉ० तेलग ने दी। उन्होने सम्पादन करना चाहा किन्तु कर नहीं पाए। हस्तलिखित प्रति के आधार पर ही उन्होंने अनूप प्रकास की जानकारी 'पद्माकरश्री' (प्रथम संस्करण १६६६ ई0) पुस्तक में दी। 'हिम्मत बहादुर बिरुदावली' का ऐतिहासिक पर्यालोचन प्रस्तुत करते समय मैंने 'पद्माकरश्री' पुस्तक के आधार पर 'अनूप प्रकास' का परिचय दिया। उक्त ऐतिहासिक पर्यालोचन मेरी पुस्तक 'जुझौते बुन्देलो की शौर्य गाथाएँ' मे १६८२ ई० मे प्रकाशित हुआ है। उक्त पुस्तक की प्रस्तावना महाराजकुमार डॉ० रघुबीरसिह (सीतामऊ) ने लिखी है। उसमें उन्होंने लिखा-- "डॉ० राजमल बोरा ने इसी संदर्भ में हिम्मत बहादुर विषयक मान कवीन्द्र द्वारा रचित 'अनूप प्रकास' काव्य का भी उल्लेख किया है, जो अब तक अप्रकाशित है। साहित्यिको और संशोधकों के लिए यों लेखक ने यह नई जानकारी उपलब्ध की है जो सम्भवत बुन्देलखण्ड आदि क्षेत्रों के विद्वानों को ज्ञात नही है।" (पृ0 12 तथा 13)

(३)

'अनूप प्रकास' मे कुल ६५५ छन्द हैं। ग्यारह प्रकासों में यह लिखा गया है। डॉ० तेलंग साहब के पास जो प्रति थी, उसमें केवल ४५६ छन्द ही थे। उनकी प्रति अपूर्ण थी। बाद में उन्हे मालूम हुआ कि 'अनूप प्रकास' की सम्पूर्ण प्रति लन्दन मे 'इण्डिया ऑफिस' में है। उन्होंने पत्र--व्यवहार किया। इण्डिया ऑफिस, लदन मे प्रति का क्रमाक D.9.b बतलाया गया है। उक्त प्रति आने के बाद मे डॉक्टर साहब

ने सम्पादन का कार्य शुरू भी कर दिया था किन्तु अन्तिम दिनो मे आँखो की रोशनी ने धोखा दिया। उनके अन्तिम दिवस अधत्व में बीते। फिर भी वे औरो से पढवा कर सुन लेते थे और लिखवाते थे। उन्होने मुझसे कहा कि **'यह सम्पादन'** मुझ से नही होगा। इन प्रतियो को ले जाओ और सम्पादित कर छपवा देना।

(४)

जुलाई १९८३ में मैंने 'अनूप प्रकास' की हस्तलिखित प्रति के आधार पर एक लेख **'अनूप प्रकास— ऐतिहासिक पर्यालोचन'** लिखकर महाराज कुमार डॉ0 रघुबीर सिंह के पास भेजा। उन्होने लेख पढवा कर सुन लिया और बाद मे अपनी टिप्पणी के साथ डॉ0 देवीलाल पालीवाल (सम्पादक 'शोध पत्रिका' उदयपुर) को भेज दिया। वह लेख शोध पत्रिका के वर्ष ३५, अक २ मे उन्हीं दिनो मे छप गया। बाद में मैंने धीरे–धीरे मूल पाठ लिखना शुरू किया। दो बार पूरी तरह लिख लेने के बाद उसके प्रकाशन क, प्रश्न था। किसी प्रकाशक से सम्पर्क कर प्रकाशित करवाना कठिन था। अत मरुभारती के सम्पादक डॉ0 बसन्तलाल शर्मा को पत्र लिखकर पूछा कि क्या वे इस कृति को 'मरुभारती' में प्रकाशित करना चाहेगे ? उनकी ओर से अनुकूल उत्तर मिला। मैंने फिर से सारा पाठ दोहराकर लिखना शरू कर दिया और क्रमश 'मरुभारती' पिलानी को भेजने लगा। अनूप प्रकास का इस तरह प्रथम प्रकाशन मरुभारती (पिलानी) में धारावाहिक रूप मे जनवरी १९८६/जुलाई १९८६/अक्तूबर १९८६/जनवरी १९८७ तथा अप्रैल १९८७ के ८ को मे हुआ है। यह जब छपने लगा, उस समय डॉ0 तेलंग साहब नहीं थे। महाराजकुमार डॉ0 रघुबीर सिह को अनुमुद्रित प्रतियाँ भेजता रहा। इससे वे बहुत प्रसन्न हुए। उनके सम्मुख पूरा 'अनूप प्रकास छप गया था। उन्होंने अनूप प्रकास (हस्तलिखित प्रति की) की फोटो प्रति चाही। वह भी मैंने उन्हें भेज दी थी।

(५)

आज जब 'अनूप प्रकास' प्रकाशित हो रहा है तो दोनो ही विद्वान् दिवगत हो गये हैं। वे इसे पुस्तक रूप मे प्रकाशित देखकर बहुत प्रसन्न होते। मैं केवल अनुमान कर सकता हूँ। इसे प्रकाशित देखकर, मुझे इस बात का सन्तोष है कि गुरुजनो की प्रेरणा को साकार रूप दे सका हूँ।

(६)

अनूप प्रकास काव्य का ऐतिहासिक महत्त्व है। अठारहवीं शती के इतिहास को मुखरित करनेवाला यह काव्य है पानीपत की तीसरी लडाई के बाद में

(१७६१ ई0) मराठा–मुगल और इनसे सम्बन्धित जो राजनैतिक शक्तियाँ उन दिनो सघर्ष कर रही थी और जिनका केन्द्र बुन्देलखण्ड भी रहा है, उसी बुन्देलखण्ड के प्रतापी शासक अनूपसिह को केन्द्र मानकर–नायक मानकर–यह काव्य लिखा गया है। इस काव्य का उपयोग इतिहासकार भी कर सकते हैं। आगे इसका ऐतिहासिक पर्यालोचन अलग से प्रस्तुत है।

(७)

१४ नवम्बर १६६१ ई0 को प्रेस कापी तैयार हो गई थी। रीतिकालीन काव्य होने के कारण, इस ओर प्रकाशक आकृष्ट नही हुए। अभी मार्च १६६८ ई0 मे वाराणसी गया था। वहाँ पर डॉक्टर विजयपाल सिह (मेरे गुरुवर) से मैंने इस पुस्तक के सम्बन्ध मे बात की। उन्होने कहा कि रीतिकाल की कोई पुस्तक हो, मैं उसके प्रकाशन के लिए प्रयत्न करूँगा। उनके कारण ही यह पुस्तक प्रकाशित हो रही है। इति नमस्कार।

२५ मार्च १६६८ ई0 ***राजकमल बोरा***

५, मनीषा नगर, केसरसिहपुरा
औरंगाबाद (महाराष्ट्र) ४३६००५

ऐतिहासिक पर्यालोचन

(१)

[१७६१ ई0 से १७९२ ई0 तक लगभग ३१ वर्षो तक के हिम्मतबहादुर के प्रमुख अभियानो का ऐतिहासिक वर्णन इस काव्य मे है। हिम्मत बहादुर का दूसरा नाम अनूपगिरि है। अनूपगिरि के कारण काव्य का नाम **अनूपरासो है।**]

अनूपप्रकास पढने पर प्रतीत होना है कि यह रचना हिम्मतबहादुर (अनूपगिरि) के जीवनकाल मे ही लिखी गई है। प्रति मे कही पर भी रचनाकाल का उल्लेख नही है। इसी तरह कवि ने भी अपना विशेष परिचय नहीं दिया है। जगह–जगह मान कवि का उल्लेख रचियता के रूप मे हुआ है। जो प्रति उपलब्ध है, वह मूल प्रति नही है। मूल प्रति की नकल है। तेलग साहब के पास जो प्रति थी, उसका लिपिकार अलग है। लन्दन मे जो प्रति है, उसका लिपिकार अलग है। ये दोनों ही नकले अलग–अलग हैं। लन्दनवाली प्रति का अतिम अश उपलब्ध है और उसमे 'शकरलाल' नाम लिखा है। इससे यह कह सकते हैं कि शकरलाल ने यह प्रति लिखी है। तेलग साहब के पास की प्रति के लिपिकार का नाम ज्ञात नही है। हस्तलेख भिन्न होने के कारण यह मानना चाहिये कि ये दोनो प्रतियॉ अलग–अलग हैं।

(२)

हिम्मतबहादुर (अनूपगिरि) की मृत्यु १८०४ ई0 मे हुई है। हम यह मानते है कि रचना हिम्मतबहादुर के जीवन काल मे लिखी गई तो यह मानना होगा कि यह रचना १८०४ ई0 से पूर्व की है। रचना मे १७९२ ई0 मे लडे गए बनगाव युद्ध का वर्णन है। अत यह मानना होगा कि यह रचना १७९२ ई0 और १८०४ ई0 के बीच किसी समय लिखी गई है। रचना के अन्त मे लिखा है— प्रथम भाग समाप्त–दूसरा भाग है या नही। इसे प्रथम भाग लिखना स्वय इस बात का प्रमाण है कि रचना समकालीन है, लगता है द्वितीय भाग लिखा ही न गया हो। कारण यह है कि बनगाव के युद्ध के बाद का काल हिम्मतबहादुर के राज्य का काल ही है। और इस समय मे हिम्मतबहादुर का सम्बन्ध अग्रेजो से हो गया था। यह सम्बन्ध कवि को उचित लगा हो या न लगा हो, कहना कठिन है। अनूपप्रकास मे अग्रेजो के

सम्बन्ध मे कुछ भी नही लिखा गया है। यदि रचना हिम्मतबहादुर की मृत्यु के बाद की माने, तो उसमे अग्रेजो का उल्लेख होना आवश्यक हो जाता है। यह उल्लेख न होने के कारण यह मानना उचित जान पडता है कि रचना समकालीन है और बनगाव के युद्ध के तुरन्त बाद मे लिखी गई है।

(३)

अनूपप्रकास अपने समय का ऐतिहासिक दस्तावेज है। काव्य तो यह है ही किंतु इससे बढकर यह इतिहास है। इसमे समकालीन अनेक ऐतिहासिक पात्रो का उल्लेख है। हिम्मतबहादुर का सम्पर्क अपने समय की सभी प्रधान राजनीतिक शक्तियो से रहा है। इनमे मुगल, मराठे, जाट तथा अग्रेज प्रधान हैं। इनमे अग्रेजो को छोड दे तो बाकी सभी राजनीतिक शक्तियो से सम्बन्ध रखने वाले प्रधान ऐतिहासिक पात्रो का उल्लेख बुन्देलखड के सन्दर्भ मे 'अनूपप्रकास' मे हुआ है। पानीपत की तीसरी लडाई (१७६१ ई० से १७६२ ई०) तक लगभग ३१ वर्षो तक के हिम्मतबहादुर के प्रमुख अभियानो का ऐतिहासिक वर्णन काव्य मे है। अग्रेजो के साथ हिम्मतबहादुर का सम्बन्ध १७६२ ई० के बाद में ही हुआ है और इसका कोई उल्लेख रचना मे नही है। अग्रेजो ने जब हिम्मतबहादुर से सम्पक्र किया, उस समय बुन्देलखण्ड मे वह शासक हो गया था। काव्य का सम्बन्ध हिम्मतबहादुर को शासक बनाने तक ही है। इस नाते भी हम यह कह सकते हैं कि रचना समकालीन है।

(४)

अनूपप्रकास में कुल ग्यारह प्रकास हैं, वे क्रमशः इस प्रकार हैं—

१. श्रीनाथ जोगेन्द्र वर्णन
२. राजेन्द्रगिरि युद्ध वर्णन
३. राज्याभिषेक वर्णन
४. धर्मधुरधरत्व वर्णन
५. सूपाकछार युद्ध वर्णन
६. रेवारी का युद्ध वर्णन
७ गुलामकादर वध वर्णन
८ वागविलास वर्णन,
६. अर्जुनसिह समागम वर्णन
१०. सामान्य सग्राम वर्णन
११. अर्जुनसिह सुरलोक गमन वर्णन

इन ग्यारह प्रकासों क शीर्षक कवि ने प्रत्येक प्रकास के अन्त में दिये हैं

(५)

प्रथम प्रकास :— आरम्भ मे केसवदेव की वन्दना है। बाद मे वश वर्णन है। इसमे गिरि 'नामावली और उनकी बडाई का वर्णन है। नारायणनाथ के शिष्य ध्याननाथ थे और ध्याननाथ के शिष्य राजेन्द्र गिरि बतलाए गए हैं। राजेन्द्रगिरि अपने गुरु की सेवा मे लगे रहते थे। ध्याननाथ जब ध्यान करते, उस समय राजेन्द्रगिरि द्वारपाल के रूप मे उनकी सेवा करते। एक बार नारायणनाथ अपने शिष्य ध्याननाथ से मिलने आये। राजेन्द्रगिरि ने उन्हे द्वार पर रोक दिया। बाद में जब गुरु–शिष्य की भेट हुई तो उस समय नारायण ने राजेन्द्र गिरि की गुरु–भक्ति की प्रशसा की और यह भविष्यवाणी की कि यह राजा होगा। इसका शासन और लोग स्वीकार करेंगे। बाद मे गुरु की आज्ञा प्राप्त कर इन्होने अपनी सेना एकत्रित की। नाथजी के ये परम शिष्य रहे और उनकी आज्ञा का पालन करते हुए ही इन्होने अपने राजनैतिक जीवन का आरम्भ किया। कहते हैं गुरु का वरदान इन्हें प्राप्त हो गया था। गुरु की भविष्यवाणी सच निकली।

(६)

राजेन्द्रगिरि का सम्पर्क पेशवो से हुआ। पेशवो ने राजेन्द्रगिरि से प्रसन्न होकर उसे झॉसी के निकट **'मोठ'** के पास की जमीन जागीर मे दी। पक्तियॉ इस प्रकार हैं —

> **कुछ काल मैं बल पाइ। दल पेसवान पठाइ।**
> **तिन करी देषि सुरीत। राजेन्द्रगिरि सो प्रीत।।३६।।**
> **झॉसी लगाइ जिमीन। तिन प्रीत सौ लिष दीन।**
> **भुव 'मोठ' के जो तीर। दस सहस की जागीर।।३७।।**[१]

जागीर प्राप्त होने के बाद ये अपनी जागीर की व्यवस्था करते और गुरु की सेवा भी करते। अन्त तक इन्होने गुरु की सेवा की है।

प्रथम प्रकास मे ऐतिहासिक दृष्टि से पेशवो के द्वारा राजेन्द्रगिरि को 'मोठ' की दस हजार की जागीर देने का उल्लेख हुआ है।

दूसरा प्रकास :— इस प्रकास मे राजा राजेन्द्रगिरि के युद्ध का वर्णन है। मराठों के बुन्देलखण्ड के प्रतिनिधि सरदार नारोशकर से राजेन्द्रगिरि का युद्ध **'मोठ'** की जागीर को लेकर हुआ है। नारोशकर ने बुन्देलखड मे खोई हुई भूमि पर पुन अधिकार करना चाहा। उसने **'मोठ'** की जागीर माग ली। लिखा है—

---

१ द्रष्टव्य शुजाउद्दौला भाग १ आशीर्वादीलाल वाल्यूम—१ पृ० १३८ अंग्रेजी पुस्तक

भुव मागी नारुसकर ने। न दई भट भूप भयंकर ने।
करिकै बहुतै श्रम भूमि लई। अडपै अब क्यों वह जाइ दई।।४६।।
इन तेज भरौ जब ज्वाब दियौ। तब नारुवसंकर कोप कियो।
दल सौ गढ मोठ सु गेर लयौ। रन सोरव को रचि आनि छयौ।।५०।।

युद्ध के परिणाम मे लिखा है—

अरि कौ तप तेज घटाय दयौ। रन मैं मुंह मार हटाइ दयौ।
तब नारुवसंकर दीन भयौ। दुज लौ चलि आसिष आइ दयौ।।५०।।

वह भुम्मि सबै धर सकल्पी। पुनि दूसर बात नहीं जल्पी।
दुज कौ करि पुन्य सु मोठ दई। करि बाहिर जाहिर क्रत्य लई।।६०।।

दूसरे प्रकास मे रुहेलो के साथ राजेन्द्रगिरि के युद्धो का वर्णन भी है। जमुना और गगा के किनारे तीर्थयात्रा हेतु राजेन्द्र गिरि जाते रहते थे। गगा के किनारे उनका डेरा था। उसी समय कालेषा (बगश रुहेला सेनानायक) का आक्रमण हुआ। राजेन्द्रगिरि ने बडी वीरता से अभियान किया। अवध मे नवाब सफदरजग थे और उनका रुहेलों से युद्ध होता रहता था। सफदरजग की ओर से अनेक सरदार और सेनानायक थे। इनमे वजीर मनसूर अली, आगा कुलीषा तथा नवाब बकउल्लाषा के नामो का उल्लेख अनूपप्रकास मे है। इस युद्ध वर्णन मे जो पक्ति बार–बार दोहराई गई है, वह है—

रुप्यौ राजेन्द्र रन मडन। षलन सिर षोपड़ी षंडन।।

अन्त मे अरि का सिर काट ही लिया—

मत्ति–मत्ति मसु तेग तमंकि झिमिझिमियासु कालेषान सौं।
इम भिरेव नृप राजेन्द्रगिरि मघवान जिमि बलवान सौं।।
तमकाई तुरीय उमड अरि को मुड काटि क्रपान सौं।
अहमद्द को सु हरौल हनि बिच लाइ दल घमसान सौं।।७६।।

इस युद्ध के फलस्वरूप सफ़दरजंग बहुत प्रसन्न हुए। राजेन्द्रगिरि ने ऐसे अनेक अभियानो मे **अहमद बगस** के दल को परास्त किया है। लिखा है—

दलमलत बगस के प्रबल बल हार हारन के किये।
हनि–हनि कुमाऊँ के पहारउ मैडवै डसवै दियै।।
इत धरन मै धज सौ करायौ अमल येक उजीर को।
लषि साह–चाह भयो दिसी को गमन न्रप रनधीर को।।८१।।

परिणाम यह हुआ कि ——— राजेन्द्रगिरि से बहुत प्रसन्न हुए सात

हजारी का मनसब दिया, **सारगपुर, हरिद्वार** आदि ग्यारह परगने जागीर मे दिये **मनसूरअली** के साथ भाई का नाता हुआ। **सफदरजग** ने चॉदी की नौबत बजाने की अनुमति भी **राजेन्द्रगिरि** को दी। इस नौबत के नाद से शत्रुओ का दल डगमगा जाता था।

जदुनाथ सरकार ने 'मुगल साम्राज्य का पतन' (भाग–१) मे इमाद–उल–सआदत, पृ0 ६४ और सियार–उल–मुतखारीन, जिल्द ३, पृ0 ७४ के आधार पर लिखा है।

"सफदरजग राजेन्द्रगिरि की किसी भी बात को अस्वीकार नही करता था। इस हिन्दू साधु को शाही दीवान ने यह आज्ञा दे रखी थी कि उसके नगाडे घोडो पर बजा करे। (यह सम्मान मुगलो के सर्वोच्च मनसबदारों को ही प्राप्त था) और वह सफदरजग को नौकर की भॉति सलाम न करके एक महन्त की भॉति आशीर्वाद दे। लोगों मे प्रसिद्ध था कि वह जादूगर है और ऐसा माना जाता था कि तलवार व गोले का उस पर कोई असर नही हो सकता था। [२]

इस सदर्भ मे 'अनूप प्रकास' मे भी नौबत का उल्लेख मिलता है—

> **"तँह पातसाह उछाह भरि बगसीस कर तिहि तर्पियं।**
> **मनसिब हप्त हजारियात तरवारि या लष्षि अर्पिय।।**
> **मनि मडि माहि को निसान दिसान माही जगमगै।**
> **नवनाद नौवद रजित की धुनि सुनत षल दल डगमगै।। ८२।।**

(९)

तीसरा प्रकास :— तीसरे प्रकास में राजेन्द्रगिरि की मृत्यु का उल्लेख है और उसके बाद अनूपगिरि (हिम्मतबहादुर) के शासक बनने तथा राज्याभिषेक का वर्णन है। सफदरजग की वजारत जब खतरे मे आई, तो उसने दिल्ली के बादशाह का विरोध किया। दिल्ली के अभियान मे जाट और राजेन्द्रगिरि सफदरजग के सहायक थे। सरकार ने तारीखे अहमदशाही, पृ0 ५६ ऐ–के आधार पर लिखा है—

"दिल्ली पर गोलाबारी करने मे असफल होने के नौ दिन बाद सफदरजग पर एक भारी संकट आया। १४ जून १७५३ ई0 सूर्यास्त से लगभग ढाई घण्टे पहले उसने सारी शाही खाइयो पर आक्रमण कर दिया। इस युद्ध का सारा भार जाटो और पदच्युत वजीर किजिलबाश सवारो पर था। शाही दल के बदख्शियो और मराठो को भारी क्षति उठानी पडी किन्तु इमाद स्वय घोडे पर सवार होकर ईदगाह से खाइयो

---

२. मुगल साम्राज्य का पतन जदुनाथ सरकार भाग १ अनुवादक मथुरालाल शर्मा पृ २७५

पर गया और अपने उदाहरण से सेनिको को प्रोत्साहित किया, अन्त मे
को पीछे धकेल दिया और विजयी शाही सेना अर्धरात्रि मे अपने डेरो पर लौट आई।
इसी सायं को जब राजेन्द्रगिरि काली पहाडी पर आक्रमण कर रहा था, तो उसको
एक गोली लगी और दूसरे दिन प्रात उसकी मृत्यु हो गई। राजेन्द्रगिरि की मृत्यु से
सफदरजग का दिल टूट गया और इसके बाद उसने स्वयं किसी भी युद्ध मे भाग
नहीं लिया। इस निर्भीक साधु की मृत्यु के बाद अब सफदरजग के प्रदेश मे ऐसा
कोई व्यक्ति नही रहा, जिसमे युद्ध के लिए जोश हो।[३]

अनूप प्रकास— मे राजेन्द्रगिरि की मृत्यु का उल्लेख है, किन्तु जिस युद्ध मे उसकी मृत्यु हुई, उसका उल्लेख नही है। इतना अवश्य लिखा है--बादशाह ने सफदरजग की ओर से आखे मोड ली, (वजारत छीन ली, यह अर्थ लेना चाहिए) इससे सफदरजग दु खी हुए। उस समय राजेन्द्रगिरि ने स्वामी धर्म का पालन किया और सफदरजग की सहायता की। उस समय जो युद्ध हुआ उसमें शत्रुओ का सहार किया और अपने प्राण स्वामी के कार्य के लिये दिये, पक्तियाँ इस प्रकार हैं—

सुनि साहि लोचन भंग, सबदरजग उर अकुलाइकै।
दौरि सु दिल दुष पाइलै दल स्वामिधर्म धराइकै।। ८६।।
राजेन्द्रगिरि नृप सुभट मोट हरौल तहँ रन मैं भये।
औरै ताहा करिव सगर सत्रु मार मिटा दये।। ८७।।

★ ★ ★

मन दियब स्वामि—धर्म मै तन दियव रचि रनधार मै।
जस दियौ सबदरजंग कौ सिर दयौ हर के हार मै।। ६३।।
लषि स्वामि—धर्म उजीर सबदरजग त्यौं सुनि साह कै।
राजेन्द्रगिर के सुवन जुग राजेन्द्र किय चित चाह कै।। ६४।।
उमरावगिर अनूपगिर जुग भ्रात जाहिर जगत मैं।
जागीर दस गुन दई हफ्त हजारिया कहिं भक्त मैं।। ६५।।

राजेन्द्रगिरि की मृत्यु के बाद सफदरजग ने उसके दोनो शिष्यो को (दोनो भाई—भाई थे) राजेन्द्रगिरि के पुत्र मान कर उत्तराधिकारी बनाया और इनके साथ भी वही सम्बन्ध रखा, अनूप प्रकाश मे उमरावगिरि और अनूपगिरि दोनो को 'सुवन' (पुत्र) लिखा गया है किन्तु वस्तुत वे पुत्र न होकर शिष्य थे, जिन्हे वह अपने पुत्र के समान मानता था, सफदरजग ने स्वय इन दोनो का टीका किया, राजेन्द्रगिरि की मृत्यु ४ जून १७५३ ई0 को हुई, उसके तुरन्त बाद मे वह टीका सम्पन्न हुआ, स्वय सफदरजग की मृत्यु अगले ही वर्ष १७ अक्तूबर १७५४ ई0 को हुई।

---

३ मुगल का पतन भाग १ जदुनाथ अनुवादक शर्मा पृ २७४

तीसरे प्रकास का शीर्षक ही 'राज्याभिषेक' है, अत राज्याभिषेक का वर्णन विस्तार से किया गया है, छत्तीसो कुल की चतुरगी सेना का वर्णन है, प्रधान रूप से हाडा, सीसोदिया, राठौर, पढियार, जेतवार, पमार, चाहुवान, गहिरवार, सोमवसी, चदेल खीची, रावत, सूर्यवशी, रघुवशी, गुर्जर आदि नाम मिलते हैं। केवल वशो के नाम मिलते हैं किसी शासक का नाम नही मिलता, वह सब भुजगी एव द्रुतविलबित छन्दो मे है और पृथ्वीराज रासो की पद्धति से लिखे हुए हैं, उदाहरण के लिए—

सजै वीरता ठौर राठौर ऐसे।
दु चदं दपै चंद जैचंद जैसे।।
सजे वीर बानैत भूप सुलंषी।
महै शत्रु कौं ज्यौं मनौ बाज पषी।।१०२।।

छत्तीस कुलो के राजा लोग सब अपनी सेनाओ को सजाए डेरे पर पहुँचे। विधिवत् गौरी–गणेश की पूजा हुई। मंगल कार्य हुआ। द्विजो को दान दिया गया। कवियो को हाथी मिले और भी सब ठाट विधिवत् हुए। जब सारा समाज एकत्रित हुआ, उस समय सब के सामने सफदरजंग ने अनूपगिरि का टीका किया—

सकल भूप समाज सुहाइय दल दरेरन डेरन आइयं।
मुदित सप्दरजंग उजीरनै सहित साह तनै रनधीरनै।।११४।।
तिलक ता दिन किन्हिव राज को सकल साहन वाहन साज कौ।
पुनि हरौल थप्यौ निज फौज कौ नृप अनूपगिरि कहि मौज कौ।।११५।।

इसके बाद दान–वर्णन है, तीर्थों का वर्णन है, कवियो के सम्मान का वर्णन है और यह सब पृथ्वीराजरासो की पद्धति से मेल खाता है। इतना होने पर भी कल्पित नाम एक भी नहीं है। अनूप प्रकास में जो नाम आये हैं, वे ऐतिहासिक ही हैं, वशावलियो के नाम ही नाम हैं किन्तु राजा का नाम नही है। रासो की पद्धति से इस काव्य का सृजन हुआ है किन्तु तथ्य समकालीन है। अनूप प्रकास का रचयिता **मानकवि** धार्मिक वृत्ति का है और वह चाहता है कि हिन्दू धर्म की पद्धति के अनुसार राजकाज हो। अनूपगिरि ने हिन्दूधर्म की रक्षा के लिए कार्य किया है, ऐसा कवि का विश्वास है।

(१०)

चौथा प्रकास :— सफदरजग ने अनूपगिरि को अपने हरौल में रख लिया था। समय–समय पर वह सैनिक अभियानो मे जाता और स्वामी–धर्म का पालन किया करता था। कुछ दिन बाद सफदरजग की मृत्यु हो गई और उसका पुत्र शुजाउद्दौला नवाब हुआ। शुजाउद्दौला के साथ वही सम्बन्ध रखा जो सफदरजग के साथ रहा था।

स्वर्ग को कुछ काल पीछे गयो तन तज वीर
तासु तास सुजाउद्दौला भौ नवाब वजीर।।
प्रथम ते दसगुनी तेऊ लगे मानन प्रीत।
वह हरौली मालकी वह वही भाइप रीत।।१३४।।

पानीपत १७६१ ई0 :— अनूप प्रकास मे पानीपत युद्ध का वर्णन है। यह वर्णन राजनीतिक रूप में नही, अपितु धार्मिक रूप मे है। चौथे प्रकास का शीर्षक धर्मधुरन्धरत्व वर्णन–' है। पानीपत के युद्ध मे मराठो का सहार हुआ और उनके प्रमुख सेनापति मारे गये। स्वय सदाशिव भाऊ और विश्वासराव भी मारे गये। युद्ध के लिए दक्षिण से आते हुए दल का वर्णन है और इसी तरह युद्ध के पश्चात् मराठो के सहार पर उनकी वीरगति का वर्णन किया गया है। युद्ध कैसे हुआ ? क्यों हुआ ? किन स्थानो पर हुआ, यह सब कुछ नहीं है।

पानीपत के युद्ध मे शुजाउद्दौला मराठो के विरोध मे थे। अनूपगिरि स्वय शजाउद्दौला के पक्ष में थे। इस नाते अनूपगिरि को शुजाउद्दौला के समर्थन में लड़ना पडा है।

मान कवि मराठो के प्रति सहानुभूति का भाव रखता है, पेशवो के प्रति कवि के मन में सम्मान है, सम्मान की यह भावना कवि ने अनूपगिरि में भी दिखलाई है पानीपत के युद्ध मे दक्षिण के दल के आगमन का वर्णन इस प्रकार है—

कछुक काल गये सु गगा तीर पै बरजोर।
लक्षि–लक्षिन दक्षि–दक्षिन के ढिले दल घोर ।।
जया आपा, आप दत्ताजी पटैल सुदेस।
जुरे जनकोजी तहाँ पुनि रामचंद गनेस।।१३५।।
इन्हीं आदि गजादि दल जुत सिमिटि सब सिरदार।
तेजी तपती जम कि जपती लगे कर्न उदार।
रुद्र रूप अनूपगिरि तहं भूप मन सिरगौर।
सुनत सहसा साहसी तिन पै करी उठ दौर।।१३६।।
तुबक तीरन मार वीरन सुभट मीरन झेल।
सेल्ह ठेलनि कहि उठेलनि वर्ग वेलनि पेल।।
ग्राम ग्रामनि मैं करै संग्राम कै इक बेर।
प्रजा रंजन गर्द गंजन कियौ सत्रुन केर।।१३७।।

मराठो का दल जब पहुँच गया और जपती की ओर बढा तो उसका विरोध हुआ और शुजाउद्दौला की ओर से अनूपगिरि और उसका दल लडता रहा है, अवध मे मराठो के प्रवेश को रोका गया।

पानीपत के लिये मराठो का दल लगातार दिल्ली की ओर बढता रहा है, उस दल मे सदाशिवराज भाऊ और विश्वासराव थे—

दल दष्षिनन के रन षिलाइहि लाइ फेर मिलाइय।
भाउ बली बिस्वासराइ जु ताहि पाछे आइयं।। १३८।।
दल दीह दष्षिन देखियै।
जनु उदधि उमडिउ देखियै।।
जह ग्राह गाइकबार लौ।
बनि बाघ वीर बिसार लौ।। १५१।।
पुट भेद पटल पटैल से।
निबालक रजह सैल से।
हुर मकर हलकर से रहै।
जलधर धार करौल है।। १५२।।

सेनाओ का वर्णन वहुत विस्तार से किया गया है, मुगलो के दल का भी (जो मराठो के विरोध मे रहा है) वर्णन इसी तरह का है, किन्तु भाऊ और विश्वासराव के प्रति जो भावनाये कवि ने व्यक्त की है, वे विशेष उल्लेखनीय हैं।

भाऊ बली विश्वासरा।
जूझे बली बलवतरा।।
समसेर वीर बहादुर।
कटि छत्र धर्मा की धुर।। १६१।।
जूझे सबै सिरदार है।
नामी जे वीर उदार है।।
विश्वासरा जब जूझिगे।
सुरलोक पंथ अरुझगे।। १६२।।

इस समय युद्ध मे जो मारे गये, इनका विधिवत् संस्कार होना चाहिये और जो बच गये हैं, उनकी रक्षा की आवश्यकता थी, इस कार्य मे शुजाउद्दौला ने सहायता की है, अनूपगिरि इसमे सब से आगे थे।

जदुनाथ सरकार ने लिखा है–

"रणक्षेत्र में जिन लोगों ने वीरगति प्राप्त की उनमे पेशवा का ज्येष्ठ पुत्र विश्वासराव भी था, तीन दिन तक दुर्रानी सिपाहियों ने उसका शव अपने पास रखा, वे हल्ला कर रहे थे कि वे उसमे भूसा भरकर उसे अपने देश ले जावेंगे, जो हिन्दुओं के बादशाह पर विजय प्राप्त करने का स्मारक रहेगा। परन्तु शुजाउद्दौला की प्रार्थना पर अन्त में उन्होंने इसे दाह के लिये उसके ब्राह्मणों को दे दिया भाऊ का

धड मुर्दों के ढेर मे से दो दिन बाद निकाला गया और उसका सिर तीसरे दिन एक दुर्रानी सवार के पास मिला, इनका अलग–अलग समय पर विधिपूर्वक सस्कार किया गया।[8]

अनूपप्रकास मे विश्वासराव के दाह–सस्कार का वर्णन है, पेशवो के प्रति गौरव के उद्गार भी कवि ने व्यक्त किये हैं—

विश्वासरा की देह कौ।
करी पालखी करि ने कौ।
नृप बैन सुभटन सोक है।
उर ओक सोक महा गहै।।१६९।।
ऐ पेसवा बलवत्त है।
जिन किये पुन्य अनंत है।।
भुव धर्म कर्म सु थापियं।
कलि को अधर्म उथापियं।।१७०।।

* * *

इम गुन कलप अलाप कै।
भरि नयन नीर विलाप कै।।
तहँ चिता चदन की रची।
सिगरे सुगंधन सौ सची।।१७५।।
अन्हवाइ पट पहिराइ कै।
तिल चंदनादि लगाइ कै।।
धरि चिता दक्खिन नाह की।
कीन्ही क्रिया सब दाह की।।१७६।।
जूझे जिते सरदार है।
नामी जे वीर उदार है।।
जिनकी सु दाह क्रिया करी।
जिह भाँत वेदन मैं धरी।।१७७।।

* * *

निज स्वामिधर्म सुधारि कै।
पुनि हिन्दु धर्म सम्हारि कै।।
करि छत्रपन की औधि कौ।
चलि सदल आये औधि कौ।।१७९।।

८ मुगल का पतन भाग २, जदुनाथ सरकार अनुवादक शर्मा पृ २३४ २३५

चौथे प्रकास का समापन इसी तरह हुआ है, स्वामी—धर्म की रक्षा करते हुए अनूपगिरि ने हिन्दू धर्म की रक्षा के लिये कार्य किया है। इस प्रकास का नाम 'धर्मधुरधरत्व'' रखने के पीछे प्रयोजन यह है कि स्वामी धर्म का निर्वाह करते हुए ही अनूपगिरि ने क्षत्रिय धर्म का पालन किया और हिन्दूधर्म की रीत का निर्वाह किया।

(१२)

पाचवाँ प्रकास :— इस प्रकास मे ''सूपा कछार युद्ध'' का वर्णन है, यह युद्ध मराठो के विरोध मे लडा गया है।

अनूपगिरि ने जाट राजा जवाहरसिह के साथ संधि की। जाट राजा अनूपगिरि को लेकर अपने धाम भरतपुर गया, वहाँ पर उसने उसे बडे सम्मान और प्रेम से अपने पास रखा। एकसठ वैरागी ने कुछ दिन बाद जवाहरसिह के कान भर दिये, जवाहरसिह बिगड गया। यकायक उसने रात्रि में ही जब नागा गुसाई असावधान थे, आक्रमण कर दिया। सजग होकर नागाओं ने जवाहरसिह की सेना का सामना किया घमासान युद्ध हुआ, इस युद्ध में अनूपगिरि की ओर से कुँवर साहजादगिर वीरगति को प्राप्त हुआ, कहा है—

रन ठट्ट जट्टनि जुट्टिय।
तिल—तिल सु तन रन टुट्टियं।।२०३।।
रूपि कुँवर इमि रन साज मैं।
सिर दियव तिह गुर काज मैं।।२०४।।
संगर कर सहजादगिर दियव स्वामि हित सीस।
सीझ गिरीस असीस दै कर्‌यौ गगन को ईस।।२०५।।

अनूपगिरि का जाटो के साथ जो युद्ध हुआ, इस सम्बन्ध मे सरकार ने लिखा है—

''जब जवाहर को सन्देह हुआ। (दिसम्बर १७६६ ई0) के उसके गुसाई सेनापति चुपके से मराठों के पक्ष में हो गये हैं तब उसने २३ और २४ दिसम्बर के बीच की रात मे गुसाइयो के डेरे पर आक्रमण कर दिया। वास्तव में गुसाई लोग दादा से यह प्रार्थना कर रहे थे कि वह उन्हें वेतन देकर पास रख ले, इस हमले मे गुसाइयो के छ सौ आदमी मारे गये परन्तु उमरावगिरि, अनूपगिरि और मिरजागिरि तीनों तीन सौ सवारों के साथ बचकर चम्बल पार मराठों के डेरे मे पहुँच गये।' [५]

जाट राजा के साथ इस युद्ध के बाद **''सूपा कछार का युद्ध''** का वर्णन

५ मुगल का पतन, भाग—२, जदुनाथ सरकार अनुवादक शर्मा पृ ३१९

है। मराठो के साथ हुए युद्धो मे यह प्रबल युद्ध है और इसका वर्णन कवि ने विस्तार से किया है, इतिहास की पुस्तकों मे इस युद्ध का विशेष विवरण नहीं मिलता, मान कवि ने इस युद्ध मे भाग लेने वाले अनेक सेनानायकों के नाम दिये हैं और उनकी वीरता को सराहा है। विशेष रूप से सबसुखराय के सेनापतित्व की सराहना की गई है। सूपा कछार के युद्ध का कारण प्रस्तुत करते हुए कवि ने लिखा है—

इत नृपदेव देव सहाइ। जिल्ले ग्वालियर के जाइ।
तहँ रघुनाथराइ—प्रचंड। जाहिर पेसवा बलिबड।।२०८।।
तानै महंतजी इहि नाम। पठयौ सैंधिया बलधाम।
करिकै सूधवडौ सनेह। प्रभु बुलवाइयौ हित ऐह।।२०६।।
सूपा कछार पुनि भाडेर। ऐरछ गैरह गैर।
कैइक परगने तिह तीर। दीन्हे नेह कर जागीर।।२१०।।
तह सूपा कछार सुदेस। नृप के परे डेरा बेस।
सत्रुन सुमिर पहिलौ बैर। कीन्हो जग को तंह घेर।।२११।।
बालाजी गोविन्द कै, कृस्नाजी तहं ऐन।
जुर पडित गाजी गजे, साजी साजी सैन।।२१२।।

रघुनाथराय बालाजी गोविन्द का पुत्र था। पेशवों की ओर से बुन्देलखण्ड में बालाजी गोविन्द की नियुक्ति हुई थी। वह पेशवों के हितों की रक्षा बुन्देलखण्ड में करता था। बालाजी गोविन्द को पेशवो का बल प्राप्त था। उसकी सहायता के लिए मराठा सेना थी। सूपा कछार पर राजा अनूपगिरि का डेरा था। माडेर, ऐरछ आदि परगनों को लेकर विवाद हुआ और पुराना वैर था ही। दोनो दलो मे "सूपा कछार" मे घनघोर युद्ध हुआ। इस युद्ध मे राजा अनूपगिरि की ओर से लड़ने वालों मे सबसुखराइ, ठाकुर सरूपसिह, कानूनगोवडो, कंसराज सेंगर, भोपालसिह कछवाहा, दलपतिराय परिहार, हाजीषान, उमरावसिह परिहार, राजा नोनेराय, कीरतसिह चौहान, रामसिह गौर, मीर फाजिल बेग, बालसिह, वासतराय, उमरावसिह बुदेल, नडराय तिमगिरि, सरपटगिर, राघौगिरि, मौहरिगिर, दर्गागिर, सीतलगिर गनेसगिर, मिरचगिर कृष्नगिर, मेरलगिर—आदि अनेक हैं। इनमे कुछ तो वीरगति को प्राप्त हुए। उदाहरण के लिये—

चटक्यौं बालसिंह तुरंग। बहसा बहस कीन्हीं जंग।।२३६।।
अत्रन अरिन सिर को टोक। जस कर जूझिनी सुरलोक।।
को कहि सकहि गुन तजबीज। सब सुखराय जासु भानीज।।२४०।।

★ ★ ★

सबसुषराय को तहँ भाय। पिलि वासतराय सु आय।।
सत्रन मार अत्रन वीर तन तज गइय सुरपति तीर २४२

बालसिह .... ही नहीं, सोहरगिर, कृस्नगिर आदि और भी जूझ ग हैं। कहा है—

रन अनूपगिरि भूप की सहय को समसेर।
हेरि–हेरि अरि घेरि कै सेर किये जिहि जेर।।२५४।।

सबसुषराय सब मे आगे रहे हैं—

रघुपति अग्र जिमि हनुमंत। भंजत अरिन को बलवंत।।
लिपट फिरत नृप के अग्र। सबसुखराय वीर उदग्र।।२६१।।
नट से नटत झपटत मेल। दपटत दुवन बग्गन षेल।।
पटकत अरिन झटकत पाय। पटकत सबन सबसुखराय।।२६२।।

मराठों की ओर से लडने वालो के नाम इस तुलना मे कम मिलते हैं। जिनके नाम मिलते हैं, वे इस प्रकार हैं—

उत दल दक्खिनी सिरमौर। कृस्नाजी पिल्यो कटि हौर।
तमकौ तिमि बुलाकीराम। बढ़ि दिवान जुद्ध सनाम।।२३०।।
पंडत भोजराज झमंकि। आयो तुरीय तेज तमकि।
जालिम जनार्दन वीर। रन मे रचित भौ रनधीर।।२३१।।
कहँ लौ कहौं नाम अपार। उमडे सुभट पंच हजार।

ठीक भी तो है, मान कवि अनूपगिरि की सेना से जितना परिचित था उतना मराठो की सेना से नहीं, उसने गिनती के कुछ प्रमुख नाम ही लिये हैं। 'सूपा कछार' के यद्ध का निर्णय क्या हुआ। वह कुछ लिखा नहीं गया है, इतना ही कहा गया कि युद्ध मे शत्रु को परास्त किया।

(१३)

छठा प्रकास :— सूपा कछार का युद्ध किस समय लडा गया, इसका कोई उल्लेख अनूपप्रकास मे नही है, कवि ने तिथि का उल्लेख नही किया है। घटनाये क्रम से लिख दी हैं। सूपा–कछार–युद्ध के बाद राजा अनूपगिरि शुजाउद्दौला के पास गये। यह युद्ध शुजाउद्दौला की मृत्यु से पूर्व हुआ है। शुजाउद्दौला की मृत्यु २६ जनवरी १७७५ ई० को हुई है।[६] इसी तरह यह युद्ध २६ अप्रैल १७७१ के बाद मे ही लडा गया होगा। क्योंकि इस युद्ध मे कृष्णाजी का नाम आया है। रामचन्द्र गनेश के स्थान पर कृष्णाजी की नियुक्ति १७७१ ई० को हुई है। रामचन्द्र गनेश

---

६. शुजाउद्दौला आशीर्वादीलाल श्रीवास्तव वाल्यूम–२ पृ २८६

ााद दक्षिण लौट गया था। पेशवो के हितो की रक्षा, इस समय कृष्णाजी क ।[७] छठे प्रकास मे 'सूपा-कछार-युद्ध' के तुरन्त बाद का वर्णन है। इस युद्ध अनूपगिरि अवध की ओर प्रस्थान कर गये। जब शुजाउद्दौला को यह समाचा कछार-युद्ध का) मिला तो, वह स्वय लखनऊ शहर से बाहर आया औ हिम्मतबहादुर का भव्य स्वागत किया--

यह सुन सुजातदौला नवाब। लघु सैन लीन बड सैन आव।
कर बहुत रीझ पुनियत लिषाव। निज भले दीन मानस पठाय।।२७३।।
कढि कोस लषनहु तै उमाह। चलि मुदित अग्र दै लिअव ताह।
उतर्‍यौ गऔंद तजि, प्रीत लीन। उर सौ समेटि उस में कीन।।२७५।।
ताती वियोग छाती जुड़ाइ। तहँ लिऐ सथ्थ हाथी चढाइ।
चढ नृप नवाब ऐकहि गयेंद। पुर चले हसत बिलसत अनंद।।२७६।।

इसके बाद नवाब ने अतर्वेद की (बुन्देलखण्ड) भूमि की रक्षा का भा रि को सौंप दिया। दक्षिन के दल उमड-उमड कर आ रहे थे। उनक को रोकना था—

भुव सकल अंतरवेद की सौपी सुनै षल डगमगे।
तिम देस दष्षिन के दिखै जे उमैड मैडे सौ लगे।।२७६।।

इसके बाद नवाब की सहायता से बुन्देलखण्ड पर अभियान लखा है—

झाँसी झपेट मकोर कै। बल सहित बाँह तोरे कै।
छिति छीन दषिन सौ लडी। लिष बगस वीरन को दई।।283।।
छत्री सु राना छत्रपति नृप जाट बसन छत्रपति।
बलबंड ताहि उडिकै जस मंड छंडिव डडि कै।।284।।

इसके पश्चात् राजा अनूपगिरि जब गगा-स्नान के लिये गये थे, तो वहं ना कि शुजाउद्दौला की मृत्यु हो गई है। इसके बाद आसफुद्दौला नवाब हुए ने राजा अनूपगिरि को लखनऊ बुलाया और सम्मान किया।

इसके बाद मे रेवाडी युद्ध का वर्णन इस युद्ध के सम्बन्ध मे जदुनाथ ने लिखा है —

४ जनवरी १७८८ को दिल्ली से रवाना होकर शाहआलम रेवाडी से छ क्षिन मे भरवास पहुँचा और यहाँ उस महीने की २८ तारीख को जयपुर के

का पत भाग २ सरकार अनुवादक मथुरालाल शर्मा पृ २२ से

दूत हिम्मतबहादुर और दौलतराम हल्दिया और मारवाड का बख्शी भीमसिह उसकी सेवा में उपस्थित हुए। जयपुर का राजा सर्वप्रथम ३ फरवरी को दरबार में आया। यहाँ दोनो दरबारो मे एक मास तक डेरे लगे रहे। सम्राट राजा से वह खिराज मागता रहा जिसका उसने वचन दिया था और राजा यह उत्तर देता रहा कि महादजी सिन्धिया ने उसके राज्य को नष्ट कर डाला है और उसके पास देने को कोई रुपया नहीं है, इस व्यर्थ बातचीत के बाद प्रतापसिंह ने सहर्ष विदा ले ली और उसको पच्चीस हजार रुपये की हुडी दे दी। अब शाह आलम ने प्रयत्न किया कि नजफकुली खां से हिसाब साफ हो जाय। स्वय उसकी स्थिति इस समय नाजुक थी ... इस समय नजफकुली खां (रेवाडी मे दो मील उत्तर की ओर) गोकुलगढ की प्राचीर के नीचे डेरा डाले हुए था। उसके पास भी उतनी ही सेना थी जितनी उसके स्वामी के पास। परन्तु उसने उस जिले को और उसके किलो को वापस देने से यहाँ तक कि बादशाह के पास उपस्थित होने से हठपूर्वक इनकार किया। उल्टा उसने यह दावा किया कि मुख्तियार के पद पर उसका अधिकार है, क्योकि वही मिर्जा नजफ खा का दत्तक पुत्र है। उसने सात लाख की वार्षिक आमदनी वाली जागीरों का भी दावा किया जो उस पद के साथ लगी हुई थी।[८]

ऐसी स्थिति में शाहआलम ने विद्रोह के साथ युद्ध करना आवश्यक समझा। इस समय जो युद्ध हुआ, वह रेवाडी का युद्ध है। सरकार आगे लिखते हैं—

"यद्यपि वह (नजफ कुलीखा) स्वयं बडा मनमौजी और शराबी था तथापि उसने सुस्त और निद्रालु मुगलियों पर १२ मार्च की रात मे आक्रमण कर दिया और बडा तहलका मचा दिया, शाह मीर खा, इतिकादुदौला और कुछ छोटे अफसर मारे गये, उसके सिक्ख साथियो ने सम्राट के निवास–शिविर तक जा हमला किया परन्तु हिम्मतबहादुर ने इनको खाइयो मे खदेड भगाया।"[९]

अनूपप्रकास में लिखा है—

प्रबल गुलाम निजब कल्लीखां उमढ़ साहि पै आयौ।।२६३।।
नौन हरामी अषत्यारी करि त्यारी कपू भारी।
गोकुल गहवाव हुमकान जुरिन हित रूप्यौ रिवारी।।२६४।।

* * *

तहं अनूपगिरि भूप सुनत ही भए उकठि चढ़ि ठाढे।
स्वामि धरम मैं कमर बाधि कै समर लेत मन बाढ़े।।२६५।।

---

८. मुगल साम्राज्य का पतन भाग–३, जदुनाथ सरकार, अनुवादक मथुरालाल शर्मा पृ २८७
९. मुगल का पतन भाग–३, जदुनाथ अनुवादक शर्मा पृ २८८

इस युद्ध का वर्णन बहुत विस्तार से मिलता है, इसमे सबसुखराय भी राजा अनूपगिरि के साथ थे।

भारी सबसुराय रजधारी दल अगवान।
रचिव रिवारी बीच रन झुकि झारी किरवान।। ३०३।।

अनूपगिरि की जीत हुई—

निजमकुलीखां की षुली डुली अनी डगमग्ग।
इन अनूपगिरि भूप के लई जीत जगमग्गि।। ३२३।।

रेवाडी के युद्ध मे अनूपगिरि बादशाह की ओर से लडे थे, इस समय के बादशाह के विशेष सहायको मे से थे और बादशाह के दूत के रूप में भी काम कर रहे थे। मराठो और राजपूत राजाओ के साथ सम्पर्क करने मे हिम्मतबहादुर बादशाह के साथ रहे हैं। जाटो के साथ भी सम्पक्र करने मे दूत का कार्य किया।

(१४)

रेवाडी के युद्ध के बाद **"गुलाम कादर वध"** का प्रसग है। गुलाम कादर ने बादशाह के साथ बगावत की और आखे निकाल लीं। भंडार पर अधिकार कर लिया और वे सब काम किये जिसे अनुचित ही कहा जा सकता है—

कछु काल पिछे गुलामकादर सु दगा की।
पातसाहि कोप कर करी बेअदबी ताकी।।
करि लोचन जुग भंग सकल भंडार सुल्लिटिव।
अनुचित बात विचार नृपति सुनि दिल में दुष जु दिव।। ३२८।।

महादजी सिधिया इस समय बादशाह की सहायता कर रहे थे। 'गुलाम कादिर का पीछा किया गया और बाद में उसका वध हुआ।

तब गुलामकादरहि पकर बांध्यौ कर पाछौ।
स्वामी द्रोह अति उग्र पाय भुगतायौ आछौ।।
अग–अंग तहँ छुरीन चीर तिल–तिल कटवाये।
निमिषहरामी अधम ताहि सरित पहुँचाये।।
करि साह प्रसन्न पटयल केहि मनसिब दिह दिवाइब।
भूप अनूपगिर भूप सम कवन भूप किहि गाइब।। ३३२।।

यहॉ पटेल का तात्पर्य महादजी सिंधिया है।

(१५)

सातवाँ प्रकास :— इस प्रकास मे महादजी सिधिया के साथ राजा अनूपगि[illegible] का जो सम्बन्ध रहा है, उसका विस्तार से वर्णन है। महादजी सिधिया के सा[illegible] अनूपगिरि की अनबन हो गई, महादजी सिधिया ने बादशाह के साथ अनूपगिरि [illegible] जो सम्बन्ध थे, उनको तुडवा दिया। महादजी ने अनूपगिरि के साथ मीठी–मीठी बा[illegible] की, अत अनूपगिरि ने महादजी के कहने पर विश्वास कर लिया और अपनी सार[illegible] सेना जमुना पार विदा कर दी। लिखा है—

ताते नृप नीत है बस कियो इनकौ चाहियै।
मत्र चित्त विचार के उर कपट प्रीत निबाहियै।।
बरसात को लषि समै साज सनेह नित ग्रह आइयं।
कर बहु षुसामत नीत काम तथा सलाह बताइयं।। ३३९।।
किजै विदा तब फऊज की जादात को सुख मानियं।
नृप सहज युद्ध सुभाव सो कछु भेद बुद्ध न आनियं।।
सिब रूप भूप अनूपगिरि सुन सकल बैन पटयल के।
.... ।। ३४०।।

महादजी की बातो मे आकर अनूपगिरि ने अपनी सेना जमुना पार विदा कर दी, मथुरा में जाकर रहवास किया। महादजी ने बाद मे अनूपगिरि को अपने दरबार मे उपस्थित होने के लिये कहा। अनूपगिरि के मन मे किसी भी प्रकार की कोई शका नही थी। वे इसी विश्वास से महादजी से मिलने के लिये निकले, उनके साथ उस राजा दिलावरजग, गगागिर बहादुर, कुँवर राजगिर, उत्तमगिर, सबसुखराय मानधाता, वीर अमानसिह, कसराज ठाकुर, पहाडसिह, जदुवशी ठाकुर सालिमसिह भोपालसिह कछवाहा, नरिंदसिह पमार और और नाम है। इन सबके साथ राजा अनूपगिरि आगे बढ रहे हैं। पचास द्विज भी साथ मे थे, राजा नवलसिह पमार भी थे, रास्ते मे जासूस ने भेद बता दिया कहा है—

चलिबो न हीई हजूर को उत गये हित पटेल।
हिमतबहादुर भूप जब चर के सुने यो बैन।। ३५७।।
तब श्री नवाब अलीबहादर की रहै ढिग वेस।
डिवढ़ी तहाँ उतरे सुनृप करियो विचार सुदेश।। ३५८।।

पटेल ने बेईमानी का सलूक किया। यह बात जाहिर हो गई। इसके बाद हिम्मतबहादुर अलीबहादुर के साथ हो गये। पटेल के प्रति भारी कोप प्रकट किया। महादजी की ओर से जसवतराइ नाइक, गोविन्दराव, सुद्धोजी भाउ हनुमतराव पमार

उमाजी वाध और अनेक थे। पटेल का दल बहुत बडा था। इस पर भी राजा अनूपगिरि डट गये। जालिम सालिमसिह राजा की ओर से आगे बढ गया, बलवान् मानधाता आगे बढा। कंसराज सेगर भी बढा। सबने मिलकर निर्णय किया। गगाजल को बीच मे लेकर प्रण किया गया। अनूपगिरि ने उस समय अपने साथियो के बीच भाषण दिया। वह कहता है— मैंने ऐसे कई युद्ध किये है। नजफ कुलीखॉ का सामना मैने किया है। तोपो के बीच पहुँचा हूँ। जाटो के अभियान मे साथ रहा हूँ। बादशाह की रक्षा मे हर जगह लड़ता रहा हूँ। आप सब जानते ही हैं। अब सारे सुभटो को एक होना चाहिये।

अब सब सूधे होह भट नृप उदमट इम बुल्ल।
गंगाजल सब को दयौ लयौ रन मति षुल्ल।। ३८६।।
तब तरवार निकार सब उठे वीर बलवंड।
तब पटेल के भट सिमिटि चले पछिल भुव छंड।। ३६०।।

अली बहादुर ने उस समय हिम्मतबहादुर को विश्वास दिलाते हुए कहा—

तहँ श्री नवाब अलीबहादुर कहीय छत्र अनगात है।
साव सैन समेत सब हम भूप तेरे साथ है।।
भट पेसवौ के नौन के हम पले बीस हजार हैं।
मर जाइगे बस अग्र तब फिर इसके अषत्यार है।। ३६१।।

अली बहादुर के कारण सघर्ष टल गया। महादजी सिधिया दक्षिण की ओर चला गया।

उर नवाब पर क्रोध कर दक्षिण चल्यौ पटैल।
उत ह्वै जोर जनाइ हौ यह भट विकटह टैल।। ३६४।।

इस तरह महादजी सिधिया के साथ होता सघर्ष टल गया। सातवॉ प्रकास यहीं समाप्त हो जाता है।

(१६)

आठवॉ प्रकास :— अली बहादुर के साथ राजा अनूपगिरि की बातचीत हुई। अली बहादुर ने जब देखा कि महादजी ने दक्षिण की ओर प्रयाण किया है, तो वह चिंतित हुआ। खर्च बहुत हो गया था। मन मे ग्लानि थी।" राजा अनूपगिरि ने नवाब को बुदेलखण्ड पर आक्रमण करने के लिए प्रोत्साहित किया। अली बहादुर का कहना था कि दो बार पटेल ने (महादजी सिधिया ने) प्रयास किया किन्तु बुन्देलखण्ड में नहीं मिली कहा है

भेजी पटैल फौजै सुधार।
उत दोई बैर आइ सुहार।।
लुटवाइ हैं मह पहीर चीर।
तोपै गवाई भज्जै अधीर।। ४००।।
बुंदैल वीर बांके लराक।
बन विषम भूमि गिर दुर्ग बांक।।
वे राज साज सग रसनद्ध।
मादगी इत्तझम फौ मद्ध।। ४०१।।

राजा अनूपगिरि ने विश्वास दिलाया—

सुनि कहत भूप अमनैक टैक।
करियै न आपु कछु संक नैक।।
बुंदेलखण्ड मह जस जगाई।
महि बेग जप्त दैहै कराइ।। ४०२।।
पामार बीर कह मार जंग।
पेसवौ नाम करिहै उतंग।।
कीन्हौ पटैल विग्र अचूक।
तहँ कियै आप हम सौ सलूक।। ४०३।।

इसके पश्चात् अभियान की तैयारी होती है। राजा अनूपगिरि और नवाब दोनो ने कूच किया। डेरे पर सब लोग जमने लगे। आठवे प्रकास मे सेना के अभियान का वर्णन ही प्रधान रूप से है। इस प्रकास का नाम **अर्जुनसिंह समागम** ही है।

अभियान के इस प्रसग मे बुदेलखण्ड की भूमि के प्रति कवि का जो विशेष अनुराग है, वह व्यक्त हुआ है।

दतिया का राजा दल बल के प्रताप से प्रभावित हो गया। राजा अनूपगिरि चाणक्य की चतुराई से चलते–चलते अभियान मे दतिया की भूमि पर अधिकार कर लिया।

हिमितबहादुर भूप है। अनुधरिव चानिक रूप है।।
नरनाह दतिया वारयै। तरवार धार जुझारयै।। ४०८।।
दरसाइ दल–बल आप कौ। राजाधिराज नवाब कौ।
मामलत दीह दिवाइयं। जस नीत प्रीत जगाइयं। ४०६

नृप को झिलाइ नवाब सौं। दतिया सु रष्षी आप सौं।
उनकी सु भुम्म बचा दई। ग्रह कराइ विदा दई।।४१०।।

वहाँ से आगे सिमथर के गुज्जरो से कुछ प्राप्त किया। वेत्रवती को पार कर दल आगे बढ गया। अब वे छत्रसाल के देश मे पहुँच गये। छत्रसाल के प्रदेश कुजकछार मे डेरा हुआ। यहाँ से रण की नीति का निर्धारण होने लगा।

छत्रसाल देसहि पैठ डेरा करे कुंज कछार मैं।
षाली कारी दिन एक मैं सातो गढ़ी रच रार मैं।।४१६।।

जगह–जगह पाती लिखकर भेजी गई, और अभियान मे सम्मिलित होने के लिए कहा गया।

सुमेरपुर मौधा गहोरा राठ दल बल मड्डियं।
सैहुडा वगैरह ग्राम–ग्राम सनाम आमिल छंड्डियं।।४२३।।

अर्जुनसिह ने जब यह देखा तो वह कुपित हुआ। वह बखतसिह को रक्षा कर रहा था। उसने भी तैयारी की। उसके जीते–जी बुदेलखण्ड पर कौन अधिकार कर सकता था—

महाराज मेरे जियत मह बुंदेलखण्ड अषंड की।
जपती करै अरि बात यह किम सुनी जाइ घमंड की।।४२५।।

उसके ललकारने से कई लोग उसके पक्ष मे खडे हो गये। धौकलसिह के साथ अर्जुनसिह ने परामर्श किया। यह चर्चा चल ही रही थी कि ज्ञात हुआ कि नवाब केन नदी पार कर गया है। अर्जुनसिह पामार ने अपनी तैयारी की। सज कर वह भी अजय–गढ की ओर बढने लगा।

आठवे प्रकास मे सेनाओ के आगे बढने और अभियान का वर्णन ही प्रधान रूप से है।

(१७)

नौवाँ प्रकास :— कर्नवती के (केन नदी के) तट पर सेनाए बढ रही थीं। इस बीच अर्जुनसिंह पामार के पास नवाब के दूत प्रपंच रचने पहुँचे। प्रस्ताव मे कहा गया—

तब कही नृप सिरमौर और सुगौर हम कर लेहिंगे।
तुमको प्रमान गुमानसिंह भुवाल की भुव देहिंगे ४३६

तजि कोप आवह सौंप देह समस्त सुख सिरकार मैं।
जनपद सु दून लिषाई लेह हरौल ह्वै दलि भार मैं।।४४०।।
नृप सीष लै इत आइ मंत्रीय कहत मत्र विचार मैं।
सुनि पत्र षुल्लिय मानि भय भुव छड देहु पमार मैं।।४४१।।

अर्जुनसिह ने विरोध किया। पचो के सम्मुख उसने स्वामी--धर्म मे आस्थ व्यक्त की। नवाब को समाचार मिले, राजा अनूपगिरि ने अली बहादुर क आश्वस्त किया।

(१८)

"अनूपप्रकास" मे एक ही जगह पर तिथि का उल्लेख हुआ है और वह 'बनगॉव' के युद्ध का है। उल्लेख इस रुप मे है—

सम्वत अठारह सै परे उनचास साइत द्वादसी।
चढ़ि जुद्ध को नृप सुद्ध माधव बुध दिन जुत द्वादसी।।४६०।।

अर्थात् वैसाख बदी द्वादशी बुधवार, सम्वत् १८४९, तदनुसार १४ अप्रैल १७७२ ई0 है। इस तिथि को यह घोर सग्राम हुआ।

अनूपगिरि की ओर से लडने वालो के बहुत से नाम है— विक्रमजीत बुदेले, राजा भवलसिंह, नरिंदसिह, गिरंदसिह, चदेल धौकलसिह, जगतसिह, सुधर्मसिह, सैंगर जवाहरसिंह, सालिमसिह, सिरनेतसिंह, सुबुद्धसिह, राजा दिलावरजग, गगागिर, कुँवर राजगिर, उमेमगिर, लछिमनसिह, निर्भयसिंह, दीपकसिह, खुमानसिंह, दुर्जनसिह, गौतम हुकुमसिह निवाजसिह, ठाकुरदास पामार, कूर्न गुलावसिह, बख्तसिह चन्देल, लाला अजबसिह, जगन बसी, दुज सवाईसिंह, कुँवर जलदगिर, बलरामगिर, गणेशगिर, षुसाल खां, आसीन खां, रनमस्त खा, लगरियषा, रहिमानषा, धौकलसिह पठहार, हिंदूपत पामार, लाला हीरालाल, हालगिर . आदि।

अलीबहादुर का दल राजा अनूपगिरि के निदेशन में आगे बढ रहा था। दूसरी ओर वख्तसिंह नरनाह ने भी कूच किया। अर्जुनसिह की ओर का दल भी बढा था। इस ओर से लडने वालो के अनेक नाम हैं— कलियानसिह बुन्देल, जगतेस नृप दरियाउसिह बुन्देल, दुर्जनसिह, षुमानसिह बेघल, करनजू, नृपतसिह, सुपध्मसिंह, भगवन्तसिह, रघुनाथसिह, उमेदसिह, जालिमसिह, पृथ्वीसिह, धौकलसिह, जुगराजसिह, गजसिह का पुत्र प्रानसिह घघेर, साहेबसिंह, दुर्जनसिह, भोपालसिह, पूरनमल्ल . और और अनेक सरदार थे।

दोनो दल आगे बढे कहा है

दुहु दल लषा लषी भई दुहु दल उमडे सज्ज।
दुहु दल गलगज्जे सुभट दुहु दल पज्जनि बज्ज।। ५०३।।
सैन पेसवाई लियौ नृप अनूप रनधीर।
मरन ठानी मन आहुसै धनि–धनि अर्जुन वीर।। ५१७।।
पंच सहस पैदर सकल चार हजार सवार।
अगृ बीस तोपै किये उमडि पद्म बल अपार।। ५१८।।

इन पक्तियो के साथ नौवॉ प्रकास समाप्त होता है। इस पकास मे सामान्य सग्राम का वर्णन है।

(१९)

दसवॉ प्रकास :— इस प्रकास मे सबसुखराय के पुत्र मानधाता ने जो वीरता दिखलाई उसका विस्तार से वर्णन किया गया है। अन्त मे वह युद्ध मे बलि हो गया। मान कवि ने राजा अनूपगिरि की सेना का जिस तरह से वर्णन किया है, उस तरह से अली बहादुर की सेना का वर्णन नही किया। किसी मराठा सेनानायक का नाम नही मिलता। अली बहादुर तथा पेशबा—ये दो ही नाम इस प्रसग मे विशेष रूप से दोहराए गये हैं। वस्तुत अली बहादुर के साथ पेशवो की सेना थी और वह भी लड रही थी। जब अर्जुनसिह पामार आगे बढता था तो मराठा सेना चिल्ला उठती थी—आला पमार, आला पमार (पमार आया, पमार आया)। कहा है

रन पिल्यौ सिह अर्जुन अमान।
जनु सकुल ब्रद झपटैं सचान।।
लषि मचीयैल इतवे सु वार।
आला पमार, आला पमार।। ५३५।।

मान कवि ने अर्जुनसिह पमार की ओर के सेनानायकों के नाम भी दिये हैं। अर्जुनसिह पमार की वीरता का कवि कायल है और एक वीर नायक के रूप मे ही उसका उल्लेख जगह–जगह हुआ है।

(२०)

ग्यारहवॉं प्रकास :— मानधाता ने अपने स्वामी के हित मे शीश दे दिया। इसके बाद युद्ध ने और भी विकराल रूप लिया। उसके बाद अजबसिह तथा धौकलसिह, आगे बढे। धौकलसिह पढहार तिल–तिल कट गया। और कई बढते गये। कटनेवालो की सख्या बहुत बडी है। मान कवि ने सब के नाम दिये हैं। यहॉं विस्तार भय से सब के नाम नहीं लिख रहा हूँ अन्तिम प्रकास में प्रधान रूप से

अर्जुनसिह पमार के साथ साथ राजा अनूपगिरि के युद्ध का वर्णन है और अर्जुनसिह पमार के सुरलोकगमन के बाद तो यह काव्य ही समाप्त हो जाता है।

काढ्यौ समर अर्जुन सीस। लीन्हौं संग में धरिनीस।। ६३०।।
अर्जुन सीस आगे राष। फत्तै मुबारक सु भाष।
बुल्लिव वचन भूप अनूप। औठर ठरन संभु सरूप।। ६३५।।
सुनि श्री पेसवा नरनाह। मथुरा मंडली महिमाह।
हम सब कियव आप सलूक। तह हम करिव पैब अचूक।। ६३६।।
करि बुंदेलखंड जप्त। दैहौ सौपि कै सब सप्त।
अर्जुनसिह बीर पमार। ता सिर झारहै रन सार।। ६३७।।
सो सब केसवदेव। कीन्ही जगत जस की जेब।
तिन्ह रनधीर को कटि सीस। सोहत रुद्ररस द्रग रीस।। ६३८।।

अर्जुनसिह पमार का सीस अलीबहादुर के सम्मुख रखा गया। राजा बख्तसिह को हाजिर किया गया। पेशवो की यह बुदेलखण्ड मे विजय थी। यह विजय राजा अनूपगिरि के कारण प्राप्त हुई। युद्ध के अन्त मे अर्जुनसिह पमार की वीरता की प्रशसा की गई। इसके जीवित रहते बुदेलखण्ड मे विजय प्राप्त करना कठिन था। बाद मे उसकी दाहक्रिया सम्मान के साथ की गई—

भोर भये भोपाल उठि पाल क्रपाल सुभाइ।
विधवत अर्जुनसिंह की दाह क्रिया कर।। ६५२।।

(२१)

अर्जुनसिह पमार के सुरलोकगमन के बाद अनूपप्रकास समाप्त हो जाता है। इस काव्य के अन्तिम चारों प्रकास (जो बहुत विस्तार से लिखे गये हैं) अर्जुनसिह पमार के साथ हुए युद्ध से सम्बन्धित है। इस युद्ध के समय की तिथि भी कवि ने ठीक--ठीक दी है। इस युद्ध का वर्णन जिस रूप मे विस्तार से दिया है, उसे देखकर लगता है कि कवि स्वय रणक्षेत्र मे उपस्थित रहा हो। दूसरी बात यह है कि काव्य भी सभवत इस युद्ध के तुरन्त बाद मे लिखा गया हो। बुन्देलखण्ड मे राजनीतिक परिवर्तन उपस्थित करनेवाला यह निर्णायक युद्ध माना गया है। पेशवो की सत्ता इस युद्ध के बाद बुन्देलखण्ड मे फिर स्थिर हो गई। राजा अनूपगिरि ने इससे पूर्व भी बुन्देलखण्ड को जीतना चाहा। अवध के नवाबो के पास रहते हुये उसने अनेक प्रयास किये थे।

अर्जुनसिह पमार ने वीरता से अब तक इस प्रदेश की रक्षा की थी। समस्त बुन्देलखण्ड में उसका प्रभाव रहा है। उसके जीवित रहते बुन्देलखण्ड मे किसी अन्य का प्रवेश सभव नहीं था मान कवि ने अर्जुनसिह पमार की वीरता की प्रशसा की है

(२२)

रचना के स्वरूप को देखते हुए लगता है कि कवि हिम्मत बहादुर के साथ–साथ रहा है। हिम्मत बहादुर ने दान–पुण्य काफी किया और समय–समय पर तीर्थ यात्राये की हैं। गगा–यमुना के किनाने हिम्मतबहादुर के डेरे रहे हैं। किसी युद्ध मे भाग लेने के बाद वे प्राय तीर्थ–यात्रा पर निकल जाते। मथुरा वृन्दावन में वे बहुत बाद गये। कवि उनकी धार्मिक वृत्ति का कायल है। अनूपप्रकास का युद्ध वर्णन रासो की पद्धति का होते हुए भी वह सामयिक है। रचना मे कहीं किसी नायिका का वर्णन नहीं है। या तो वीरता है या फिर तीर्थों का वर्णन किया गया है। युद्धवीर के साथ–साथ दानवीर, धर्मवीर, दयावीर, के प्रसग मिल जाते हैं। पानीपत के युद्ध के जिस प्रसग का उल्लेख कवि ने किया है, वह युद्धवीर से सम्बन्धित कम और धर्मवीर तथा दयावीर से सम्बन्धित अधिक है। स्वय सरदेसाई ने लिखा है—

"शुजाउद्दौला से आदेश से अगले दिन अनूपगिरि गोसई तथा काशीराज ने रणक्षेत्र का निरीक्षण किया। वहॉ पर इनको लाशो के बडे–बडे ३२ ढेर मिले, जिनके गिनने पर २८ हजार लाशे निकली । इनके अतिरिक्त अगणित लाशे उस विशाल मैदान में तथा उसके चारो ओर जगल मे बीखरी हुई मिली। लगभग ३५ हजार व्यक्तियो को दुर्रानियों ने बन्दी बना लिया तथा उनका बाद में निर्ममतापूर्वक सहार कर दिया। लगभग ८ हजार मराठा शरणार्थियो तथा ४०० अधिकारियों ने शुजाउद्दौला के शिविर मे शरण ली। उसने यथाशक्ति उदारतापूर्वक उनकी रक्षा की तथा अपने निजी कोष से धन देकर उनको एक रक्षक दल के साथ सूरजमल के राज्य को भेज दिया। अनेक घायल व्यक्ति उस रात्रि को ठण्ड मे मर गये पानीपत की दीर्घ खाई लाशो से पट गई . . । विश्वासराव तथा भाऊसाहब के क्षेत्र ठीक–ठीक पहचान लिये गये, तथा अनूपगिरि गोसाई, काशीराज तथा अन्य व्यक्तियो ने उनका उचित दाह सस्कार कर दिया। इस कृपा के लिये शुजा ने स्वय शाह से प्रार्थना की थी, तथा अब्दाली को उसने उसकी कृतज्ञता के रूप में ३ लाख रूपये दिये। नबाव के प्रयास से भाऊ साहब का सिर एक दुर्रानी सवार के पास मिल गया, तथा एक दिन बाद इसका अग्नि–सस्कार कर दिया गया। स्वय काशीराज ने इस आशय के पत्र पेशवा को लिखे। भाऊसाहब की पत्नी पार्वतीबाई सकुशल ग्वालियर वापस आ गई तथा भिलसे के समीप पेशवा के साथ हो गई।"[१०]

हिम्मतबहादुर की उदारता का एव सहायता का वर्णन इतिहासकारों ने किया है। कवि का वर्णन अतिरजित होने पर भी इतिहास–विरुद्ध नहीं है। हिम्मतबहादुर चाहे जिस राजनैतिक शक्ति के साथ सहयोग करते रहे हो उनकी जीत हुई है। वे

---

१० मराठों का नवीन इतिहास भाग २ म सरदेसाई हिन्दी अनुवाद पृ ४६८ शिव आगरा (द्वितीय सस्करण) १९६४ ई०

अवध के नवाबो के साथ मे रहे, तो उनकी जीत हुई, मुगल बादशाह के साथ रहे तो उनकी जीत हुई और मराठो के या जाटो के साथ रहे तो उनकी भी जीत होती रही है। भान कवि ने राजा अनूपगिरि का वर्णन राजा के रूप मे किया है। इतिहास मे उनका नाम राजा के रूप मे नही मिलता। एक सेनानायक के रूप मे ही स्मरण किया जाता है। अन्त मे वे राजा हो गये थे। हिम्मतबहादुर पहले अवध के नवाब के पास रहे। बाद मे मुगल बादशाह के पास, कुछ समय के लिए महादजी सिंधिया के साथ और अन्त में अली बहादुर के साथ तदनुसार पेशवो के साथ रहे हैं। अपने समय की सभी प्रधान राजनीतिक शक्तियो से वे सम्बद्ध रहे है। बुन्देलखण्ड उनका प्रधान कार्यक्षेत्र रहा है। उस समय की प्रधान राजनीतिक शक्तियाँ जानती थी कि हिम्मतबहादुर के सहयोग के अभाव मे बुन्देलखण्ड मे उन्हे सफलता नही मिल सकती। अन्त में अग्रेजो ने भी हिम्मतबहादुर के साथ समझौता किया। अनूपप्रकास मे अग्रेजो का कोई वर्णन नहीं है। हिम्मतबहादुर के शासक बन जाने के बाद बुन्देलखण्ड मे स्थिरता आ गई थी। मराठो के आक्रमण बन्द हो गये। अग्रेजो के साथ संधि हो जाने के कारण राजनैतिक स्थिरता आ गई। बुन्देलखण्ड के शासकों को सदैव आक्रामको से लडना पड़ा है। प्रधान आक्रामक शक्ति रुहेलो की थी। बगशो ने बुन्देलखण्ड को बहुत परेशान किया है। इसके बाद मराठो ने भी बुन्देलखण्ड को अपना क्षेत्र बनाया। छत्रसाल के समय मे बाजीराव पेशवा बगशो के विरोध मे सहायता करने के लिए आया था और उसके बाद तो इस क्षेत्र मे मराठा प्रबल हो गये। बुन्देलखण्ड को लेकर मराठो मे और रुहेलो मे बडी-बडी लडाइयाँ हुई हैं। पेशवो की महत्वाकाक्षा इलाहाबाद तथा वाराणसी तक आगे बढने की थी किन्तु बुन्देलखण्ड बीच मे पडने के कारण वे बढ़ नहीं पाए। अवध के नवाब बुन्देलखण्ड पर अपना अधिकार नहीं कर सके। रुहेलों को हमेशा लडकर भगाया गया। मराठो को अल्पकालीन सफलता मिलती। बाद मे बुन्देले स्वतत्र हो जाते। यह तो हिम्मतबहादुर था जो बुन्देलखण्ड की भूमि से और वहाँ की रणनीति आदि से परिचित था। बुन्देलखण्ड मे नाम मात्र के शासक ही रहे हो किन्तु वहाँ के स्वामिभक्त पमार ने अपने जीवन काल मे बाहर वाले आक्रामको को हमेशा खदेड दिया था। मराठे रुहेलो आदि सब का वह सामना करता रहा है। यह तो हिम्मतबहादुर था जिसके कारण अली बहादुर को सफलता प्राप्त हुई।

(२३)

अनूपप्रकास-विरुदावली नहीं है। इसमे विरुदावली की एक पक्ति बार-बार दोहराई गई है और वह है—

"बर बरनिये विरदावली हिम्मतबहादुर भूप की"

यह पक्ति पद्माकर की   में भी दोहराई गई है

